भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

कार्यकाल–3.0

केंद्र की मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं ने कहा कि सरकार भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में मंत्रालय ने डेढ लाख करोड रुपये की रक्षा खरीद की मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री जन्मदिन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आज सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शिमला जिला भाजपा युवा मोर्चा ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विद्यालयों के विलय के दृष्टिगत सरप्लस मिड–डे मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा। शिमला में आज शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव ला रही है और शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूलों का विलय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने

कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को विश्वस्तरीय शिक्षण पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के लिए सरकार ने उन्हें विदेशों में शिक्षण भ्रमण करवाया ताकि प्रदेश के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य में मनाए जाने वाले मेले व त्यौहार यहां की समृद्ध संस्कृति के प्रतीक है और हिमाचल अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। सिरमौर जिले के राज्य स्तरीय वामन द्वादशी सराहां मेले के समापन अवसर पर उन्होंने कहा प्रदेश में विकास को गति देना राज्य सरकार का लक्ष्य है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों व अस्पतालों में रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में 22 हजार रिक्त पद स्वीकृत किए है। उद्योग मंत्री ने कहा कि सिरमौर के गीनीघाट इलाके को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि यहां की आर्थिकी को और सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर हर्षवर्धन चौहान ने राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले की स्मारिका का विमोचन भी किया।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब तक के कार्यकाल में अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो चुका है और कांग्रेस की गारंटी पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने लगभग दो साल के कार्यकाल में लोगों पर मंहगाई का बोझ बढ़ाया और जनता को मिल रही सुविधाओं को बंद कर दिया।

पैंशनर्ज

प्रदेश के पैंशनरों व कर्मचारियों ने 20 सितम्बर को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने बताया कि पेंशनरों ने सरकार के लिए वार्ता का समय दिया था लेकिन उन्हें नहीं बुलाया गया। अब पेंशनर लंबित डीए व एरियर की मांग को लेकर 20 सितंबर को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की बहुत देनदारियां बाकी हैं जो पूर्व की भाजपा सरकार के समय से चली आ रही है।

———————